हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–122 : जौनपुर, गुरुवार 30 जून 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने छोटे उद्यमियों को बांटा 16 हजार करोड़ का लोन : बोले– हर परिवार के एक व्यक्ति को देंगे नौकरी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित वृहद ऋण मेला के अंतर्गत 1.90 लाख हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को 16 हजार करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने वर्ष 2022–23 के लिए 2.35 लाख करोड़ रुपये की वार्षिक ऋण योजना का शुभारम्भ भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने एलान किया कि प्रदेश सरकार छोटे उद्यमियों की मदद तो कर रही रही है। हम जल्दी ही एक ऐसी योजना लेकर आ रहे हैं जिसमें कि हर परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी, रोजगार या स्वतरू रोजगार से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग) क्षेत्र को बढ़ाने के लिए राज्य के पास धन की कमी नहीं थी। नीयत की कमी थी। देश के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में बेरोजगारी की दर 18 प्रतिशत से अधिक थी। 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद हमने एक जनपद एक उत्पाद की घोषणा की जिसने निर्यात में बड़ी भूमिका निभाई। ऐसे निर्णयों के कारण आज यूपी निर्यात हब के रूप में विकसित हो रहा है। जहां 2016 तक यूपी का निर्यात 80 हजार करोड़ रुपये का था वो अब एक लाख 56 हजार करोड़ वार्षिक का हो चुका है। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन हुआ। इससे प्रदेश की बेरोजगारी दर



तीन प्रतिशत से भी नीचे लाने में सफलता प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोरोना काल में भी यूपी पहला राज्य था जहां से लोन मेला की शुरुआत हुई थी। प्रदेश के उद्यमियों को प्रशासन और सरकार की मदद मिली तो इससे उद्यमियों को भी लगने लगा कि वह अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं और रोजगार के अवसर बढ़ा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमारे देश का नौजवान नौकरी मांगने वाला नहीं देने वाला होना चाहिए। एमएसएमई सेक्टर ने ऐसे नौजवानों को बढ़ावा दिया है। एक जिला एक उत्पाद योजना अपने आप में एक मिसाल है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज 2022–23 के लिए 2.35 लाख करोड़ की वार्षिक ऋण योजना का भी शुभारंभ हो रहा है जिससे कि प्रदेश के उद्यमियों और हस्तशिल्पियों की मदद की जा सके और प्रदेश को आर्थिक रूप से विकसित बनाया जा सके।

## 15 लाख की चोरी की घटना से परिजनों सहित गाँव में हड़कंप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के मरगूपुर गांव में बुधवार की रात चोरों ने छत से अंदर घुस कर नकदी समेत पन्द्रह लाख रुपए के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मौके पर डाग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल करने के बाद नमूना लिया। गांव निवासी सुनील कुमार सिंह उर्फ रिंकू के घर में चोर छत के सहारे अंदर घुसकर फ्रीज में रखी चाबी निकाल लिया ! चाबी हाथ लगते ही कमरों का ताला तोड़कर अलमारी में रखा गया 90 हजार रुपया नगद, दो हार, दो झुमका , दो कड़ा, आठ चूड़ी , ब्रेसलेट ,दो चेन, तथा सोने की छ अंगूठी उठा ले गए। गौरतलब है कि मकान मालिक सुनील कुमार सिंह रिंकू रोज की भांति अपने पेट्रोल पंप स्थित सुइथा कला गए थे! रात में वह घर नहीं आ सके। परिवार के अन्य सदस्य उनकी मां व बेटे बेटियां पत्नी बरामदे में सो रही थी। जिसका लाभ लेकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। सुबह घटना की सूचना पीड़ित सुनील सिंह ने प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह को लिखित तहरीर के माध्यम से दिया! सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। दोपहर बाद डाग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद नमूना लिया। इस बाबत पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि घटना प्रथम दृष्टया संदिग्ध दिख रही है इसके बावजूद घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल की जा रही है । घटना को लेकर गांव में दहशत बनी हुई है!

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## तिलौरा में पिटाई के वायरल वीडियो प्रकरण में भुक्तभोगी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र तिलौरा बाजार में आशनाई के चक्कर में एक नाबालिक किशोर की पिटाई का विडियो वायरल होने के बाद भुक्तभोगी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है ।मामले के चार आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार किया गया है। मीरगंज थाना क्षेत्र के बरांवा गांव निवासी सत्यप्रकाश मोदनवाल का पुत्र अनुराग उर्फ बड्डू (16) तिलौरा बाजार में आया था। तिलौरा निवासी सुरेश,दीनदयाल और ज्ञानप्रकाश तथा उनके साथियों ने उक्त किशोर की जमकर धुनाई की ।उनका आरोप था कि उक्त किशोर एक नाबालिक लड़की से प्रेम प्रपंच चल रहा है जिससे मिलने वह आया था ।घटना का विडियो किसी द्वारा बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया तो पुलिस हरकत में आई ।क्षेत्राधिकारी अतर सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश थानाध्यक्ष मीरगंज को दिया ।बरावा गांव निवासी किशोर के पिता सत्यप्रकाश ने बेटे की पिटाई करने के आरोप में चार लोगो को नामजद किया है,जिसमे से तीन सुरेश , दीन दयाल ,ज्ञानप्रकाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक का कहना है कि भुक्तभोगी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है ।विडियो की जांच की जा रही है।

## प्रदेश में चौथा स्थान पाने वाले शिक्षक को किया गया सम्मानित


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21जून को स्कूली शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद व निदेशक सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह के द्वारा बेसिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ में आयोजित योग प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त करने वाले प्राथमिक विद्यालय कन्या



विश्वा शाहगंज के प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष शिव प्रकाश सम्मानित किया गया था ,तत्क्रम में आज जिला बेसिक अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल द्वारा बेसिक शिक्षा कार्यालय के सभागार में मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बीएसए ने कहा कि योग हमारी संस्कृति और सभ्यता से जुड़ी है इसको जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला मंत्री सतीश पाठक, शाहगंज ब्लाक अध्यक्ष सजल सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा,रामयश ब्लॉक मंत्री धनंजय मिश्र, योग गुरु अचल हरिमूर्ति अरविंद प्रताप सिंह,यशवंत सिंह,नेम चंद्र, दिनेश कुमार प्रजापति,अवधेश यादव,टिल्लू सिंह शमशेर पाल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## एल पी एस में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज के मानव संसाधन विभाग ने एल पी सी बी–ब्लाक राजाजीपुरम स्थित प्रेक्षागृह में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला व ओरिएण्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। पहले दिन श्नई शिक्षा नीतिश पर फखरे आजम का विस्तृत व्याख्यान हुआ। दूसरे दिन, ' बच्चों की व्यावहारिक समस्या' एवं 'शिक्षकों की भूमिका' विषय पर डॉ अल्पना रस्तोगी ने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये। संस्थापक दृ महाप्रबंधक डॉ एस पी सिंह ने एच० आर० की भूमिका, 'मॉडल यूनाइटेड नेशंस' के कार्यक्रम में एल पी एस की सहभागिता, ए–ब्लाक ब्रांच के बच्चों के चौनल– 'एल पी सी न्यूज अकार्ड' एवं शिक्षकों व छात्रों की उपलब्धियों पर विधिवत चर्चा की।



कार्यशाला को एम डी सुशील कुमार , डायरेक्टर्स दृ नेहा सिंह एवं हर्षित सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व एम एल सी कान्ति सिंह एवं डायरेक्टर गरिमा सिंह सहित सभी शाखाओं की प्रिंसिपल्स व शिक्षक मौजूद रहे।

## युवक को खम्भे में बांधकर पीटने के आरोप में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज : तीन हुए गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर कोतवाली के तिलौरा बाजार मे एक युवक को खंभे से बाधकर पिटाई करने का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने से किशोर युवक के पिता सत्यप्रकाश ने गुरुवार को मछलीशहर कोतवाली में चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। जिसमे पुलिस अपराध पंजीकृत करने में जुट गई है। गौरतलब है कि वायरल विडियो मे कई लोग प्रेमी युवक को खंभे मे बांध कर दिनदहाड़े पीट रहे है। मामला आशनाई से जुडा होना बताया गया है। मीरगंज थाना के बंधवा बाजार निवासी एक युवक का प्रेम प्रसंग तिलौरा बाजार की एक लडकी से चल रहा था। बताया जाता है की वह दो दिन पहले लडकी के साथ मछलीशहर घूमने गया हुआ था ।जिसे लड़की पक्ष के कई लोग उन्हें वहां देख वहीं दोनों को पकड़ कर तिलोरा बाजार लाये। गुस्से से तिलमिलाए लड़की के परिजन युवक को पकड कर खंभे मे बांधकर पीटा। यह माजरा देख रहे कई लोग युवक की पीटाई करने मे जुट गये। जुटी भीड में से कुछ लोगो ने बीच बचाव भी किया । पिटाई से युवक घायल हो गया था। परिजनों द्वारा दो दिन पूर्व प्रेमी युवक को मछलीशहर पुलिस को सौंप दिया गया था। जहां युवक के परिजन व लड़की के परिजन इज्जत का हवाला देकर सुलह कर घर वापस हो गए। विडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत मे आयी तो मामला दर्ज हुआ इस संबंध में कोतवाल मछलीशहर देवानंद रजक ने बताया कि पीड़ित के पिता की तहरीर पर तिलोरा निवासी सुरेश कुमार पुत्र सियाराम , ज्ञान चंद पुत्र शिवनाथ व दीनदयाल पुत्र स्व. जोखू निवासी रामगढ़ व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर तीनो की गिरफ्तारी कर लिया गया हैं।

## ठाकुरगंज में जगन्नाथ जी मन्दिर से निकलेगी रथयात्रा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में कल दिनांक 01 जुलाई, 2022 को भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य शोभायात्रा अपराहन 3 बजे से निकलेगी। उक्त सूचना देते हुए भारतीय ब्राह्मण महासभा के मीडिया प्रभारी पं0 दिलीप व्यास ने बताया है कि बाबा गोमतीदास स्थल रानी लक्ष्मीबाई तिराहा स्थित ठाकुरद्वारा में भगवान जगन्नाथ जी महाराज का सम्पूर्ण परिवार सैकड़ों वर्षों से साक्षात् विराजमान है, तथा प्रतिवर्ष भगवान की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भारतीय ब्राहमण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड0 अनुराग पाण्डेय के निर्देश पर भगवान की भव्य शोभायात्रा, बड़े धूमधाम से निकालने की योजना है। यह यात्रा इस बार– 'सामाजिक समरसता: लोकतंत्र की ताकत' की थीम पर निकलेगी तथा इसमें प्राचीन भारत से लेकर आधुनिक भारत के 'सामाजिक समरसता के प्रेरक आदर्श महापुरूषों' की झांकिया होगी। (एड0 अनुराग पाण्डेय) (पं0 दिलीप व्यास) राष्ट्रीय अध्यक्ष मीडिया प्रभारी ने उक्त जानकारी दी।

## पुतला दहन असफल होने पर ज्ञापन सौंप जताया आक्रोश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजस्थान के उदयपुर शहर में जिहादियो द्वारा एक हिंदू युवक की निर्मम हत्या कर दिए जाने से आक्रोशित बिहिप व बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को तिघरा बाजार के तिराहे पर जिहादियो का पुतला फूंकने का प्रयास किया। पुलिस प्रशासन की सक्रियता के चलते पुतला दहन न कर पाने पर कार्यकर्ताओं ने एसडीएम और सीओ को ज्ञापन सौंप आरोपितो के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग किया। बिश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष साधू तिवारी के नेतृत्व में उक्त तिराहे पर जमा हुए बिहिप और बजरंगदल के दर्जनो कार्यकर्ता जिहादियो और आतंकियो के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दिये। श्री तिवारी ने कहा कि हत्यारो के खिलाफ त्वरित कार्यवाही कर उन्हें मृत्यु दंड दिया जाय। इसके अलावा जहाँ –जहाँ जिहादी बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चाहे वह मदरसा ही क्यो न हो। सबको नष्ट कर जिम्मेदारो पर कार्यवाही किया जाय। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हिन्दुओं की रक्षा और सुरक्षा में प्रशासन नाकाम साबित होते दिखा तो हभ सभी चुप नहीं बैठेगे। प्रदर्शन स्थल पर एसडीएम शाहगंज सतीश सिंह, क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार और प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव मय फोर्स पहुंच उन्हें समझाने बुझाने में जुट गये। सड़क मार्ग से लाये जा रहे आतंक का मानक



पुतला रास्ते में ही पुलिस उसे कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। जिसकी जानकारी होते ही एक बार फिर से कार्यकर्ताओं में उबाल आ गया। सीओ ने उन्हें समझाते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन भी संवैधानिक दायरे में रहते हुए भारत माता की रक्षा का सजग प्रहरी होता है। आप लोग भी उसी दायरे में रहकर देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। कार्यकर्ताओं ने हिंदू हित को लेकर तीन सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम और सीओ को सौंपा। इस मौके पर बजरंग दल के ब्लाक अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रभान गुप्ता, बृजेश दूबे, जिला सह मंत्री सुनील मौर्या, सह संयोजक गुलशन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली व एनसीआर के कलाकारों के लिए बड़ी खुशखबरी

आर एल पाण्डेय नई दिल्ली। मिनिस्ट्री ऑफ म्यूजिक स्टूडियो का आज उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हुए गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मिनिस्ट्री ऑफ म्यूजिक दिल्ली एनसीआर में रह रहे कलाकारों के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान निभाने जा रहा है। मौके पर मौजूद रहे कन्हैया लाल राठौर (पूर्व अध्यापक एक्टर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय टीआई कंपनी ) ने बताया कि यह स्टूडियो नवयुवक कलाकारों



के लिए एक वरदान साबित होगा यहां से बहुत से एनसीआर में रह रहे युवाओं को मौके मिलने जा रहे हैं। मिस्टर राठौर ने बताया कि यह स्टूडियो इंदिरापुरम में खुलने वाला पहला स्टूडियो होगा जो कि नए कलाकारों को भी मौके देगा मिनिस्ट्री ऑफ म्यूजिक स्टूडियो का उद्घाटन श्री ज्योति कलश आई .ए.एस के द्वारा किया गया श्री ज्योति कलश जी ने आशीर्वाद स्वरुप अपने शब्दों में कहा कि यह स्टूडियो अपनी बुलंदियों को छू लेगा और दिल्ली एनसीआर में रह रहे कलाकारों को एक नए तरीके की फिल्मी संगीत। वह वेब सीरीज से जुड़ने का मौका देगा। अजय पहलवान आलोक,सुधाकर कुमार, मनोज जैन तथा मोहम्मद अमन खान और सोना स्टूडियो के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए।

## जिलाधिकारी द्वारा शासी निकाय की जनपद स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक संपन्न : दिये आवश्यक दिशा निर्देश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल में जिला स्वास्थ्य समित (शासी निकाय) की जनपद स्तरी मासिक समीक्षा बैठक करते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में अपेक्षित सुधार लाने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिले में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा में मौसमी बीमारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि मौसमी बीमारियों को लेकर बचाव हेतु समय रहते लोगों को गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाये । उन्हाने गांव–गांव में प्रचार प्रसार करने तथा चिकित्सा कर्मी सहित समस्त स्टाफ टीम भावना के साथ कार्य कर शासन की योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक मरीजों को लाभ दिलाने का निर्देश दिए। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले प्रसव की आशा के माध्यम से प्राप्त होने वाली रिपोर्ट की समीक्षा की और प्रगति संतोषजनक ना मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा से संबंधित एमओआईसी से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आयुष्मान योजना की गति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नोडल अधिकारी से अपेक्षित अपेक्षित सुधार लाने का निर्देश दिया। जिला स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत आयोजित बैठक में जननी सुरक्षा योजना, नियमित टीकाकरण राष्ट्रीय उन्मूलन कार्यक्रम जन्म मृत्यु पंजीकरण आयुष्मान भारत अभियान मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मौसमी बीमारियों संचारी रोग नियंत्रण अभियान छह रोग निवारण के साथ सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों योजनाओं तथा गतिविधियों की समीक्षा कर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा लक्ष्मी सिंह, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
अच्छा वक्त उसी का होता है जो किसी का बुरा नहीं सोचते।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# भारत–विरोधी कुनबे का सच : परत दर परत बेनकाब होते झूठ के पुलिंदे

हालिया घटनाक्रम देखकर मुझे इस तथाकथित श्एक्टिविस्ट गैंगश की एक अग्रणी आवाज, बुकर पुरस्कार से सम्मानित, श्लेखिकाश और वामपंथी अरुंधति रॉय का दो दशक पुराना आलेख स्मरण होता है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि गुजरात दंगे के दौरान जाफरी की बेटी को भीड़ ने निर्वस्त्र करके जीवित जला दिया था, जोकि सफेद झूठ था।

गत 24 जून को सर्वोच्च न्यायालय का 2002 गुजरात दंगा मामले में निर्णय आया। इसके अगले ही दिन राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक आरबी श्रीकुमार के साथ श्सिटिजन फॉर जस्टिस एंड पीसश नामक एनजीओ की सचिव तीस्ता सीतलवाड़ को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक साजिश), 468 (जालसाजी), 471 (फर्जी दस्तावेजों का उपयोग), 194 (झूठे साक्ष्य गढ़ने) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

इसमें तीसरे आरोपी पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट हैं, जो पहले से हिरासत में मौत के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। इन तीनों पर यह आरोप किसी सरकारी एजेंसी की रिपोर्ट पर नहीं, अपितु शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त एसआईटी की प्रामाणिक जांच के पश्चात न्यायिक जिरह और तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ के निष्कर्ष के आधार पर लगाए गए हैं।

इसके अनुसार, श...हमें प्रतीत होता है कि गुजरात के असंतुष्ट अधिकारियों के साथ अन्य लोगों का एक संयुक्त प्रयास खुलासे करके सनसनी पैदा करना था... जांच के बाद एसआईटी ने उनके झूठ को पूरी तरह से उजागर कर दिया... दिलचस्प है कि मौजूदा कार्यवाही (जकिया जाफरी द्वारा) पिछले 16 वर्षों से चल रही है... ताकि मामला उबलता रहे।

जांच प्रक्रिया में इस तरह के दुरुपयोग में शामिल सभी लोगों को कठघरे में खड़ा करने और विविधवत रूप से आगे बढ़ने की आवश्यकता है।श इस षड्यंत्र का केंद्रबिंदु तीस्ता सीतलवाड़ हैं, जिनके पूर्व सहयोगी रईस खान अदालत में शपथपत्र दाखिल करके उन पर झूठी गवाही दिलाने का आरोप लगा चुके हैं। बेस्ट बेकरी कांड की प्रमुख गवाह यास्मीन बानो शेख ने भी अदालत को बताया था कि तीस्ता ने उसे अदालत में झूठ बोलने को विवश किया था।

यही नहीं, दंगा पीड़ितों को मदद पहुंचाने के नाम पर एकत्र चंदे का निजी उपयोग करने और विदेशी वित्तपोषण के लिए एफसीआरए का उल्लंघन करने का उन पर आरोप है। इस प्रकार के पापों की एक लंबी सूची है। तीस्ता की भांति झूठ का पुलिंदा बांधने में श्रीकुमार का भी कोई सानी नहीं। उन्होंने न केवल गुजरात दंगे को लेकर भ्रामक गवाही दी, अपितु इसरो वैज्ञानिक नंबी नारायणन को 1994 में फर्जी जासूसी के मामले में फंसाने का षड्यंत्र भी रचा।

तब श्रीकुमार केरल में खुफिया विभाग के उप–निदेशक थे और उनके सामने नंबी को केरल पुलिस द्वारा हिरासत में कई बार पीटा भी गया। बाद में सीबीआई ने नंबी पर लगाए आरोपों को पूर्णतया फर्जी और मनगढ़ंत बताया। वर्ष 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने नंबी को मुआवजा देने के साथ उन अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश जारी किए, जिन्होंने फर्जी मामले की पटकथा लिखी। वर्ष 2019 में मोदी सरकार ने नंबी को पद्म भूषण से सम्मानित किया। इस प्रतिभाशाली वैज्ञानिक को फंसाने का एकमात्र उद्देश्य भारत को क्रायोजेनिक इंजन से विमुख रखने का प्रयास था, जिस पर वह काम कर रहे थे।

इस इंजन से दो हजार किलो वजनी उपग्रहों को प्रक्षेपित किया जा सकता है, जिसमें देश 20 वर्ष बाद सफल हुआ। सोचिए, श्रीकुमार के देशविरोधी षड्यंत्र के कारण देश को यह उपलब्धि प्राप्त करने में दो दशक का विलंब हो गया। बात यहीं तक सीमित नहीं। वर्ष 2019 की फोर्ब्स रिपोर्ट हमें यह समझाने में सहायता करती है कि कैसे पर्यावरण–मानवाधिकार के नाम पर (विशेषकर एनजीओ द्वारा) देश के विकास को सफलतापूर्वक बाधित किया जा रहा है।

इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 1985 में भारत और चीन का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बराबर 293 डॉलर था, जिसमें बाद में जमीन–आसमान का अंतर आ गया। इसमें उदाहरण देते हुए बताया गया कि चीनी नदी– यांगत्जी पर बांध (22,500 मेगावाट) दशक भर में तैयार हो गया था, जिसमें 13 नगर, 140 कस्बे, 1,350 गांव डूब गए, तो 12 लाख लोग विस्थापित हो गए। इस पृष्ठभूमि में नर्मदा नदी पर बना सरदार सरोवर बांध, जोकि चीनी बांध की तुलना में काफी कम शक्तिशाली (1,450 मेगावाट) था और उससे मात्र 178 गांव प्रभावित व बहुत ही कम लोग विस्थापित हुए– उसे पूरा करने में भारत को 56 वर्ष लग गए।

नर्मदा बांध की नींव 1961 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने रखी थी, जिसका उद्घाटन वर्ष 2017 में वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इतना विलंब इसलिए हुआ, क्योंकि मानवाधिकार–पर्यावरण संरक्षण के नाम पर मेधा पाटकर के श्नर्मदा बचाओश आंदोलन (एनबीए) ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। सरदार सरोवर बांध विरोधी आंदोलन का नाम श्नर्मदा बचाओश था, परंतु क्या बांध बनने से नर्मदा नदी समाप्त हो गई?

सच तो यह है कि इस बांध से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में बिजली के अतिरिक्त 9,490 गुजराती गांवों को स्वच्छ पेयजल मिल रहा है। 3,112 गुजराती गांवों में 18 लाख हेक्टेयर से अधिक, राजस्थान के बाड़मेर–जालौर में लगभग ढाई लाख हेक्टेयर और महाराष्ट्र में आदिवासी क्षेत्र के 37,500 हेक्टेयर भूखंड को सिंचाई हेतु पानी प्राप्त हो रहा है। लाभ की एक लंबी सूची है।

हालिया घटनाक्रम देखकर मुझे इस तथाकथित एक्टिविस्ट गैंगश की एक अग्रणी आवाज, बुकर पुरस्कार से सम्मानित, लेखिका और वामपंथी अरुंधति रॉय का दो दशक पुराना आलेख स्मरण होता है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि गुजरात दंगे के दौरान जाफरी की बेटी को भीड़ ने निर्वस्त्र करके जीवित जला दिया था, जोकि सफेद झूठ था।

तब जाफरी की बेटी अमेरिका में सकुशल थीं। इस बात के लिए अरुंधति को माफी मांगनी पड़ी थी। यक्ष प्रश्न यह है कि बाह्य वित्तपोषण और वैचारिक अधिष्ठान के समर्थन से इस तरह के कार्यकलाप आखिर किसे ताकतवर बनाते हैं? ऐसे लोग भारतीय लोकतंत्र, मीडिया और न्यायिक व्यवस्था का दुरुपयोग करके और अलग–अलग मुखौटे लगाकर भारत के सम्मान और विकास में बाधाएं पहुंचाते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# डा0 नवनीत सहगल ने ओएनडीसी प्लेटफार्म पर 'ओडीओपी मार्ट डाट काम' को आनबोर्ड करने के पायलट फेज का किया शुभारंभ

मृत्युन्जय प्रताप सिंहरू लखनऊरू अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा0 नवनीत सहगल ने आज कैसरबाग स्थित निर्यात प्रोत्साहन भवन में केन्द्रीय वाणिज्य मंत्रालय के ओपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स (ओएनडीसी) प्लेटफार्म पर 'ओडीओपी मार्ट डाट काम' को आनबोर्ड करने के पायलट फेज का शुभारंभ किया। इसके पश्चात पोर्टल पर पंजीकृत सभी कारीगरों के उत्पाद उन सभी ई–कामर्स साइट और एप पर प्रदर्शित होने लगे। इसके पश्चात उन्होंने ओएनडीसी प्लेटफार्म पर योगा मैट का आर्डर भी प्लेस किया। जिसकी डिलीवरी आज ही उनको हो जायेगी। इस अवसर पर डा0 सहगल ने कहा कि डिपार्टमेंट फार प्रमोशन आफ इण्डिस्ट्री एण्ड इन्टरनल ट्रेड, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित ओएनडीसी से जुड़ने वाला देश का पहला राज्य होगा। इसके फलस्वरूप ओडीओपी कारीगरों एवं उद्यमियों को ई–कामर्स पोर्टल पर एक वृहद डिजिटल मार्केटिंग ईकोसिस्टम की सुविधा उपलब्ध होगी। इस प्रक्रिया से प्रदेश के ओडीओपी हस्तशिल्पी एवं कारीगर विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि कारीगर ओएनडीसी और ओडीओपी मार्ट के माध्यम से अपने उत्पाद अपनी तय कीमत पर



खुद ऑनलाइन बेच सकेंगे। इस नेटवर्क पर जुड़ने से देश–विदेश का कोई भी खदीददार ई–कामर्स प्लेटफार्म पर जाकर कोई उत्पाद तलाशेगा तो उसे नेटवर्क से जुड़े पोर्टल पर उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त ओएनडीसी पर लाजिस्टिक सुविधा भी उपलब्ध होगी। ग्राहक अपने मन पसंद लाजिस्टिक कंपनी से उत्पाद की डिलीवरी ले सकेंगे। इस मौके पर आयुक्त एवं निदेशक उद्योग श्री मनीष चौहान, विशेष सचिव एमएसएमई श्री प्रदीप कुमार सहित ओएनडीसी से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पुलिस के एलर्ट के बावजूद भी थाना परिसर के सामने बजरंगियों ने फूंका आतंकवाद का पुतला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल साहू की तालिबानी हत्या के विरोध में गुरुवार को बदलापुर में भी गुस्सा दिखा! घटना के विरोध में हिन्दू वादी संगठन सड़क पर उतर आए! हालांकि माहौल को देखते हुए पुलिस प्रशासन सुबह से ही एलर्ट था! इन्दिरा चौक पर थाना बदलापुर, सिंगरामऊ, महराजगंज एवं पीएसी पुलिस के अलावा सीओ शुभम तोंदी, एसडीएम डा० प्रदीप मौजूद थे! इसके बावजूद भी विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आतंकवाद का पुतला फूंक ही दिया। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष रामसहाय पांडेय व विभाग मंत्री महेंद्र शुक्ल के नेतृत्व में कार्यकर्ता इंदिरा चौक पर आ गये।अभी संगठन के कार्यकर्ताओं व तहसील प्रशासन के बीच वार्ता हो ही रही थी कि इसी बीच बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सत्या शुक्ला के नेतृत्व में सौ से अधिक की संख्या में कार्यकर्ता जौनपुर रोड से नारेबाजी करते हुए चौक तरफ बढ़ने लगे। थाने से महज चंद कदम पहले बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंक ही दिया। पुलिस देखती ही रह गई। कार्यकर्ताओं ने कन्हैया लाल के हत्यारों को फांसी देने तथा परिवार को सुरक्षा दिए जाने की मांग किया। इस अवसर पर लालमनि पांडेय, रवींद्र मिश्र, अमिताभ मिश्रा, अंबुज सिंह, राकेश, कृष्ण चंद्र उपाध्याय, बबलू पांडेय, रमापति उपाध्याय, गोलू शुक्ल, आशीष मिश्र, दीपक, अनिल, सत्यम तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# उदयपुर में जेहादियों द्वारा की गई कन्हैया लाल की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज बजरंग दल के द्वारा राजस्थान के उदयपुर में इस्लामिक जिहादियों द्वारा कन्हैया लाल दर्जी की बर्बरता पूर्वक की गई हत्या के विरोध में ऋषभ अग्निहोत्री जिला संयोजक बजरंग दल के नेतृत्व में पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया गया ।और बताया कि राजस्थान के उदयपुर में दिन दहाड़े हिन्दू युवक कन्हैया लाल की दुकान में घुस कर नृशंस हत्या की गई है । उदयपुर में हत्या के बाद इस्लामिक जेहादी हत्यारों ने धमकी भरा वीडियो जारी करना देश की संप्रभुता को चुनौती है ।, जिसे भारत की जनता ,विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल कभी बर्दाश्त नहीं करेंगें। जिहादी मानसिकता वाले अपराधियों ने पीएम नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी दी है। इससे पूरे देश की संप्रभुता खतरे में है ।, देश का मान– सम्मान खतरे में है। इससे पूरे समाज में रोष है। घटना के विरोध में आज पूरे भारत में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के माध्यम से जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा है। जिस प्रकार हिंदू समाज को प्रताड़ित किया जा रहा है। यह अब सहन नहीं होगा। बजरंग दल द्वारा मांग की गई कि कन्हैया लाल के हत्यारे को फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर



दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा सुनाई जाए एवं उनके परिवार की सुरक्षा की व्यवस्था की जाए और उनके परिवार की आर्थिक मदद से मदद की जाएं। बजरंग दल के द्वारा इस्लामिक कट्टरपंथियों के विरोध जमकर नारेबाजी की और भारत माता की जय व जय श्री राम का उदघोष किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री महेंद्र , विभाग संयोजक अभिषेक दिवेद्वी,जिला कार्याध्यक्ष मोहित , जिला मंत्री गौरव ,जिला संयोजक ऋषभ अग्निहोत्री , विशेष संपर्क प्रमुख सुशील , सह जिला मंत्री राहुल, सेवा, प्रमुख विजय महाकाल, प्रचार प्रसार प्रमुख नागेंद्र, नगर संयोजक प्रशांत, राघवेंद्र, एवं समस्त जिला व नगर कार्यकारिणी के साथ साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लेखपाल मोहम्मद आलम जनता के साथ कर रहे ठगी : रिश्वत लेकर भी नहीं किए जा रहे कार्य

सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर सीतापुर : सीतापुर तहसील लहरपुर के अंतर्गत विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत गो डरिया में 3 वर्षों से लगातार तैनात लेखपाल मोहम्मद आलम के द्वारा वहां की जनता के साथ धोखा घड़ी करते हुए अवैध तरीके से धन वसूली का कार्य किया जा रहा है कई लोगों से पट्टे के नाम पर पैसा लिया गया मगर उनके पट्टे नहीं किए गए कई इलाकों से वरासत के नाम पर धन वसूली की गई जिनमें मुख्तया द लावल निवासी प्रभु जिनकी जमीन गो डरिया ग्राम पंचायत में है वरासत के नाम पर उनसे 30000 वसूले गए गडरिया ग्राम पंचायत के दलबीर सिंह से 10000 दाखिल खारिज करने के नाम पर अवैध वसूली की गई सरदार बलदेव सिंह से पट्टा के नाम पर 40000 ठगे गए इस प्रकार लेखपाल मोहम्मद आलम के द्वारा ठगी का कार्य जोरों पर किया जा रहा है इन लोगों के द्वारा जिलाधिकारी सीतापुर को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया है जिसमें उनके द्वारा उक्त आरोप लगाए गए हैं और मांग की




गई है कि भ्रष्ट रिश्वतखोर लेखपाल मोहम्मद आलम को उनकी ग्राम पंचायत गो डरिया से हटाया जाए।

## जनपद में अभियान 01 से 31 जुलाई 2022 तक चलाया जा रहा विशेष अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जूलाई 2022 से 31 जूलाई 2022 तक एवं दस्तक अभियान 16 जूलाई से 31 जूलाई 2022 तक चलाया जाना है। कार्यक्रम में सभी विभागों के उत्तरदायित्व निर्धारित किये गये है। अभियान का शुभारम्भ 01 जूलाई 2022 को टी.बी.चिकित्सालय परिसर जौनपुर से प्रातः 10 बजे जनजागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया जायेगा। रैली का समापन टी.बी चिकित्सालय परिसर में होगा।

# चार अपराधी अभियुक्तों की संपत्ति तहसीलदार लहरपुर के द्वारा किया गया कुर्क

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर : तंबौर लहरपुर थाना तंबौर के दिलशाद इम्तियाज पुत्र गढ़ इंतजार अली निवासी मुहल्ला नवाब शाह पुरवा चुन्ना पुत्र आयु म खुर्शीद व मगर ए आलम निवासी आजाद नगर तंबौर पुत्र समीउल्लाह जिनके मकान जोकि अपराध के माध्यम से अर्जित धन से बनवाए गए थे जिसका उल्लेख पुलिस अधीक्षक सीतापुर एवं प्रभारी निरीक्षक तंबौर द्वारा उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट 1986 की धारा 14 बटा एक के अंतर्गत संपत्ति कुर्क किए जाने का जिक्र किया गया है उसी आदेशों के अंतर्गत लहरपुर तहसील दार शशि बिंदु द्विवेदी के द्वारा पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में उक्त अपराधियों की संपत्ति कुर्क व सीज की गई और वैधानिक कार्रवाई की गई इतनी बड़ी कार्रवाई तहसीलदार द्वारा की गई जिससे संपूर्ण थाना तंबौर क्षेत्र के साथ–साथ पूरे जनपद में श्री द्विवेदी के कठोर प्रशासन की चर्चाएं शुरू हो गई हैं आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में पूरी



तरह से डर और भय बन चुका है की यदि अपराध किया जाता है तो किसी भी कीमत पर अपराधी अब बच नहीं सकेंगे उन्हें उसका खामियाजा भुगतना होगा ऐसी चर्चाएं गली मोहल्ले में चल रही है।

# इंस्पायर एवार्ड मानक योजना के नामांकन एक जुलाई से आरंभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ. राजधानी में दो दिन पहले मुख्यमंत्री की विद्यार्थियों के लिये कल्याणकारी योजनाओं पर सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य व प्रबन्धकों के साथ एक परिपर्चा का आयोजन किया गया था। उन्ही योजनाओं में एक इंस्पायर एवार्ड मानक योजना है। कक्षा छः से कक्षा दस तक के स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने तथा नव–प्रर्वतन के साथ नवाचार करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की इंस्पायर एवार्ड मानक योजना 2022–23 के नामांकन एक जुलाई से शुरू हो गये है। इंस्पायर एवार्ड मानक बेस्ट आडियाज कम्पटीशन है। जिसमें स्कूली बच्चे अपने वैज्ञानिक आइडिया पोर्टल पर भेजते है। चयनित होने पर जनपद स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्र स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदशर्नी में अपने बनाये मॉडलों के साथ प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होता है। साथ ही प्रत्येक स्त्र पर बच्चों को मॉडल बनाने के लिये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। कैसे कर सकते है बच्चे नामांकन– लखनऊ षष्ठ मंडल के मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डा0 दिनेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग व केन्द्र सरकार की यह विद्यार्थियों के लिये एक कल्याणकारी योजना है। जिसमें बच्चें अपने प्रधानाचार्य व शिक्षकों के सहयोग से स्कूल की आई–डी से लॉगिन कर अपना नामांकन करा सकते है। इस सम्बन्ध में बच्चों की सहायता करने के लिये जिला विद्यालय निरीक्षक की तरफ से भी सभी विद्यालयों को पत्र जारी किया जा चुका है। इंस्पायर एवार्ड मानक की विशेषतायें– उन्होनें इन्स्पायर एवार्ड मानक के बारे में बताते हुये कहा कि बच्चे



नामांकन के साथ अपने वैज्ञानिक व नवाचार आडियाज को भेजते है। चयनित होने पर मॉडल बनाने के लिये दस हजार रूपये बच्चे के बैंक खाते में भेज दिये जाते है। साथ ही जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल को प्रदशित करने का अवसर मिलता है। वहां से जीतकर विद्यार्थी राज्य व राष्ट्र स्तर पर प्रतिभाग करता है। राष्ट्र स्तर पर चुने जाने पर उसे पचास हजार रूपये के साथ उसके आयडिया को पेटेंट कराने के साथ दस दिनों के लिये जापान भ्रमण का मौका भी मिलता है। बोनस के तौर पर ऐसे चुने गये दस बच्चों को आगे देश के विभिन्न आईआईटी संस्थान अपने यहां प्रवेश में वरीयता भी देते है। परिषदीय विद्यालय दिखाते है उदासीनता– इंस्पायर एवार्ड मानक में निजी विद्यालयों के बच्चे तो उत्साहपूर्वक भाग लेते है। साथ ही माध्यमिक विद्यालयों के बच्चे भी प्रतिभाग करते है। परन्तु परिषदीय जूनियर स्कूलों के शिक्षको व प्रधानाचार्यों की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के प्रति उदासीनता के चलते एक या दो ही नामांकन हो पाते है।

# 1 जुलाई से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में होगा आम आदमी पार्टी की तिरंगा शाखा का शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 1 जुलाई से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में होगा आम आदमी पार्टी की तिरंगा शाखा का शुभारंभ।' जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कहा कि देश की उन्नति के लिये आंतरिक शान्ति–व्यवस्था, देश के प्रति समर्पण और लागों के बीच आपसी सौहार्द अत्यंत आवश्यक होता है। आज दिनो दिन देश में नफरत की राजनीति बढ़ती जा रही है, साम्प्रदायिक सौहार्द घटता जा रहा है, बड़ी संख्या में लोग संविधान में प्रदत्त अधिकारों से अनभिज्ञ हैं तथा देश को आजाद कराने मे कुर्बानियॉ देने वाले व संविधान के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने वाले स्वतन्त्रता सेनानियों व महापुरूषों के संबन्ध में भी पर्याप्त जानकारी नहीं रखते। इस परिस्थिति को बदलने के उद्धेश्य से आम आदमी पार्टी ने तिरंगा शाखाएं लगाने का निर्णय



लिया है जिसकी शुरूआत 1 जुलाई से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में होने जा रही है। जनपद जौनपुर में तिरंगा शाखा का शुभारंभ विसर्जन घाट सद्भावना पुल दुर्गा माता मंदिर के किनारे शाखा खोला जाएगा आप सभी साथियों से निवेदन है कि सुबह 7:30 बजे शाखा में पहुंचने की कृपा करें। उक्त अवसर पर आप आप सभी साथियों का पहुंचना अनिवार्य है।

# दिव्यांग एकता फाउंडेशन की बैठक संपन्न

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर सीतापुर : आज दिनांक 30/6/22 को स्थान विशुन नगर चौराहा खैराबाद सीतापुर आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के सभागार में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह के द्वारा कि गई । जिसमें जिले के समस्त ब्लॉकों से आए हुए दिव्यांग जन उपस्थित रहे । जिसमें काफी दिव्यांग जनों की समस्या थी । उस समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया । जैसे रू आवास, राशन कार्ड, मनरेगा कार्ड , आयुष्मान कार्ड , दिव्यांगजन के आरक्षण के नियमानुसार के प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगजन के बनाया जाए । दिव्यांग जनों को मनरेगा के तहत कार्य प्रदान किया जाए । जिससे दिव्यांगजन का भरण पोषण आसानी से हो सके। दिव्यांग जनों की पेंशन की बढ़ोतरी की जाए । आए हुए सभी दिव्यांग जनों को यूडी आईडी की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। जिस दिव्यांग भाई बहन के पास यूडी आईडी कार्ड नहीं थी । उसको बनवाने की




हिदायत दी गई । बैठक में राष्ट्रीय सचिव बिंदू मौर्या, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजयपाल, राष्ट्रीय प्रचार प्रसार मंत्री अमीर अहमद , संयुक्त सचिव राधेश्याम, उमेश कुमार,रिंकू , हरिलाल, गुड्डू, सुशील कुमार, रामकिशोर, विमलेश आदि पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे ।

# थाना खेतासराय पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 03 अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियों तथा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री अंकित कुमार के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना खेता सराय पुलिस द्वारा थाना खुटहन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 103ध्2022 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित अभियुक्त गण 1. सचिन उपाध्याय पुत्र विनोद उपाध्याय निवासी कोकना पिलकिछा थाना खुटहन जनपद जौनपुर 2. शनि तिवारी पुत्र स्व0 अजय तिवारी निवासी नकवी पिलकिछा थाना खुटहन जनपद जौनपुर 3.अमित उपाध्याय उर्फ डिटटू पुत्र महेंद्र उपाध्याय निवासी नकवी पिलकिछा थाना खुटहन जनपद जौनपुर को आज दिनांक 29.06.2022 को कलापुर मोड़ से गिरफ्तार कर चालान सम्बंधित माननीय न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता– 1.सचिन उपाध्याय पुत्र विनोद उपाध्याय निवासी कोकना पिलकिछा थाना खुटहन




जनपद जौनपुर 2.शनि तिवारी पुत्र स्व0 अजय तिवारी निवासी नकवी पिलकिछा थाना खुटहन जनपद जौनपुर 3.अमित उपाध्याय उर्फ डिटटू पुत्र महेंद्र उपाध्याय निवासी नकवी पिलकिछा थाना खुटहन जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0स0 103/2022 धारा 3(1)उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 2. मु0 अ0 सं0 125 /2020 धारा 302 323 504 भादवि थाना खुटहन जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–1.यजुवेंद्र कुमार सिंह थानाध्यक्ष खेतासराय जनपद जौनपुर। 2.कां0 अमरनाथ यादव, कां0 संदीप कुमार , का0 दिनेश यादव , का0 राजकुमार यादव थाना खेतासराय जौनपुर।

## थाना सरपतहाँ पुलिस ने चोरी की 03 मोटरसाईकिल व 02 एन्ड्रायड मोबाईल के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री अंकित कुमार के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 29.06.2022 को उ0नि0 राम दवर यादव , चौकी प्रभारी सरायमोहऊद्दीनपुर मय हमराह पुलिस बल के तलाश वांछित वारण्टी अपराधी के दौरान मुखबीर खास की सूचना पर बरौत नहर पुलिया के पास से अभियुक्त 1. विनोद कुमार पुत्र रत्तीलाल निवासी अतरडीहा थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर को चोरी की 03 मोटरसाईकिल व चोरी की 02 एन्ड्रायड मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया तथा रात्रि व अंधेरे का फायदा उठाकर 03 साथी अपराधी भागने में सफल रहे गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.विनोद कुमार पुत्र रत्तीलाल निवासी अतरडीहा थाना सरपतहां जनपद जौनपुर उम्र 19 वर्ष । बरामदगी– 1.मोटर साइकिल नम्बर UP45H 2883 हिरो सुपर स्पलेन्डर काली ग्रे सफेद रंग इंजन नम्बर JA05EGH9C33301 तथा चेचिस नम्बर MBLJAR037H9C32704, 2.



हिरो स्पलेन्डर स्मार्ट रेड सिल्वर बिना नम्बर की चेचिस नं0 MBLHA12ACFHL09089 तथा इंजन नं0 HA12EMFHL07342 तथा 3. हीरो HF DELUX लाल काली रंग बिना नम्मबर चेचिस नं0 MBLHA11EE89K2F8F1 तथा इंजन नं0 HA11EA89K19980 4. ओप्पो सफेद रंग मोबाइल सेट एन्ड्राइड IMEI–1. 864622035518733 IMEI–2. 864622035518725, 5.ओप्पो नीला रंग एन्ड्राइड IMEI1–866278042697479 , IMEI2– 866278042697461 आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 169/2021 धारा 393 भादवि थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0स0 149/2022 धारा 41 सीआरपीसी0 व 411/413/414 भादवि थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 रामदवर यादव चौकी प्रभारी सरायमोहिउद्दीनपुर थाना सरपतहाँ जौनपुर। 2.हे0का0 पारसनाथ यादव, हे0का0 नौशाद अहमद थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर। 3.का0 रोहित साहू, का0 राहुल मिश्रा, का0 हिमांशु सिंह, का0 अनुराग सिंह थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर।

### मिशन शक्ति फेज 4.0 के तहत विशेष अभियान यू ट्यूब सेशन के माध्यम से संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महिलाओं एवम् बालिकाओं की सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर की अध्यक्षता में(मिशन शक्ति फेज 4.0)विशेष अभियान यू ट्यूब सेशन के माध्यम से संपन्न हुआ।सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल सर जी द्वारा स्वागत अभिभाषण हुआ और महिला सशक्तिकरण हेतु शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम में तकनीकी सहायता प्रदान करते हुए सहायक अध्यापक अवनीश कुमार एवं दुर्गेश जायसवाल संयुक्त रुप से कार्यक्रम को संचालित किया उक्त कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ललिता प्रदीप (अपर शिक्षा निदेशक बेसिक)ने महिला एवं बालिका सशक्तिकरण पर बल दिया।कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी सिंह ने महिलाओं के चिकित्सा पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं अर्चना ओझा ने महिलाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उपजिलाधिकारी मछलीशहर ज्योति सिंह ने महिलाओं के संपत्ति संबंधी अधिकारों पर प्रकाश डाला।अन्य विशिष्ट अतिथि गण जूनियर वेट लिफ्टिंग नेशनल चौंपियन शिवांगी सिंह ने महिला सशक्तिकरण के लिए खेल के महत्व के बारे में बताया। जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने दिव्यांगजन के अधिकारों , योजनाओं के बारे में बताया। महिला थाना जौनपुर की थाना प्रभारी किरण मिश्र ने महिलाओं की सुरक्षा हेतु विधिक जानकारी दी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम , 1090, 1091,181, टोल फ्री नंबर आदि के बारे में बताया। डाक्टर पूनम तिवारी(सचिव नारी सशक्तिकरण संस्थान आजमगढ़),डॉक्टर रविन्द्र नाथ (वरिष्ठ प्रवक्ता डायट जौनपुर)डॉक्टर अजय कुमार मिश्र(वरिष्ठ प्रवक्ता डायट जौनपुर) उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जनपद जौनपुर की सभी महिला प्रधानाध्यापिकाऐंध्अध्यापिकाऐं जुड़ी रही।अंत मे डायट प्राचार्य मनीष कुमार सिंह ने पिछली सभ्यता से जोड़कर महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का सम्पूर्ण संचालन डायट प्रवक्ता पोरामा बनर्जी एवं अन्य के द्वारा किया गया।

## अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले कुल 05 उप निरीक्षक, 03 मुख्य आरक्षी व 01 आरक्षी को दी गयी विदाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 30.06.2022 को जनपद जौनपुर से कुल 05 उप निरीक्षक, 03 मुख्य आरक्षी व 01 आरक्षी अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर ष्पुलिस लाइन्स सभागारष जौनपुर में विदाई समारोह का आयोजित किया गया। जिसमें डॉ0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर द्वारा विदाई समारोह में सम्मिलित होकर सभी को उपहार, स्मृति चिन्ह देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की शुभकामनाओं सहित विदा किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक जौनपुर एवं अन्य अधिकारी ध् कर्मचारीघण मौजूद रहें। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधिकारी ध् कर्मचारीगण की सूची– 1.उ0नि0 शेषनाथ सिंह 2. उ0नि0 स0पु0 निजामुद्दीन 3. उ0नि0 मदन मोहन राय 4. उ0नि0 रामजी सिंह 5. उ0नि0 लखन लाल सोनकर 6. मु0आ0 राम विनय राय 7. मु0आ0 जय प्रताप सिंह 8. मु0आ0 लौटू राम 9. का0 ना0पु0 राम प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## गांव की खुशहाली के लिए हुआ हवन पूजन


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर क्षेत्र के मनिहा गोविंदपुर गांव में स्थित करुआ सन डीह बाबा प्रांगण में चल रहे दो दिनों से पूजन का समापन बृहस्पतिवार को हवन पुजन और भंडारे के साथ हुआ जिसमे गांव के साथ साथ अन्य गांव के लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया ग्रामीणों द्वारा नौ सालों से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ग्रामीणों की मान्यता है कि नौ वर्ष पूर्व गांव में लगातार कई अकाल मौत हुई जिसके बाद ग्रामीणों ने जून माह की 29 और तीस को पूजन पाठ और भंडारे की तिथि निर्धारित की जो लगातार चल रही है साथ ही ग्रामीणों का मानना है कि अब गांव खुशहाल है इस अवसर पर विनीत शर्मा जय प्रकाश दुबे विजय दुबे अभय लाल शर्मा जंगबहादुर सिंह अंकित दुबे प्यारे लाल गौड़ महेश शर्मा गुड्डू राजभर सुरेंद्र दुबे पिन्टू दुबे आनंद दुबे सोनू कुमार प्रकाश राजभर आदि लोग मौजूद रहे

## थाना बक्शा पुलिस ने 03 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय कुमार साहनी के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन व थानाध्यक्ष बक्शा श्री ओमनारायण सिंह नेतृत्व में थाना स्थानीय पर दिनांक 27.06.2022 को पंजीकृत मु0अ0सं0– 204/2022 धारा 386/323/504 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1.करन सिंह पुत्र पंकज सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ग्राम हैदरपुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर तथा मु0अ0सं0– 205/2022 धारा 307/147/323/504/336 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1.इमरान खांन पुत्र स्व0 आलम खान निवासी ग्राम हैदरपुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर, 2.सद्दाम पुत्र स्व0 आलम खान निवासी ग्राम हैदरपुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर को क्रमशः ग्राम हैदरपुर व ग्राम खुंशापुर तिराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता– 1–करन सिंह पुत्र पंकज सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ग्राम हैदरपुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर। 2– इमरान खांन पुत्र स्व0 आलम खान निवासी ग्राम हैदरपुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर। 3– सद्दाम पुत्र स्व0 आलम खान निवासी ग्राम हैदरपुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहासः– 1. करन सिंह पुत्र पंकज सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ग्राम हैदरपुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर। 1– मु0अ0सं0– 106/2018 धारा 302/201 भादवि व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट थाना बक्सा जौनपुर। 2– मु0अ0सं0– 294/2018 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना बक्सा जनपद जौनपुर। 3– मु0अ0सं0– 308/2020 धारा 279 भादवि थाना बक्सा जनपद जौनपुर। 4– मु0अ0सं0– 407/2017 धारा 323/504/506 भादवि थाना बक्सा जनपद जौनपुर। 5– मु0अ0सं0– 10/2020 धारा 307/384/504/506 भादवि थाना बक्सा जौनपुर। 6– मु0अ0सं0– 93/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर। 7– मु0अ0सं0– 204/2022 धारा 386/323/504 भादवि थाना बक्सा जनपद जौनपुर। 2.इमरान खांन पुत्र स्व0 आलम खान निवासी ग्राम हैदरपुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर, 3.सद्दाम पुत्र स्व0 आलम खान निवासी ग्राम हैदरपुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर। 1. मु0अ0सं0– 205/2022 धारा 307/147/323/504/336 भादवि थाना बक्सा जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1.ओम नारायण सिंह थानाध्यक्ष बक्सा जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 विवेकानन्द सिंह चौकी प्रभारी धनियामऊ थाना बक्सा जनपद जौनपुर। 3.उ0नि0 महेश कुमार सिंह थाना बक्सा जनपद जौनपुर। 4.हे0का0 रीतम कुमार, हे0का0 शमीम अख्तर खां, हे0का0 बृजेश सिंह, का0 उत्तम कुमार, का0 रामबाबू, का0 अरविन्द कुमार, का0 शैलेन्द्र कुमार थाना बक्सा जौनपुर।

## बिजली की न्यूनतम लागत का स्रोत है जीवाश्म ईंधन : डॉ. के. नामसिवायम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर और गुरु नानक कॉलेज चेन्नई के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन वर्कशॉप के अंतिम दिन बुधवार को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नवाचार अनुसंधान पर चर्चा हुई। इस अवसर पर पीयू के प्रो. प्रदीप कुमार ने बायो टेक्नोलॉजी के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि उत्पाद और सेवाओं के लिए जिओ कोशिकाओं उसके भागों और आणविक एनालॉग के अनुप्रयोग को प्राप्त करने के लिए प्राकृतिक विज्ञान और एकीकरण विज्ञान का एकीकरण जरूरी है। उन्होंने नैनो पार्टीकल के लाभ के




बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि परावर्ती रंगों पर सिल्वर और गोल्ड के ननोपार्टिकल का आकार अलग अलग होता है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान, बाजार सस्टेनेबिलिटी है। गुरुनानक कॉलेज चेन्नई के, सहायक प्रोफेसर डॉ. के. नामसिवायम ने कहा कि बायोमीथेन का उत्पादन बायोगैस से अशुद्धियों को दूर करके किया जाता है। जैविक ईंधन उत्पादन के बारे में विस्तार से चर्चा की। कहा कि जीवाश्म ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में बिजली की न्यूनतम लागत प्रदान करता है। प्राकृतिक संसाधनों के अतिरिक्त हमें सामाजिक और आर्थिक संसाधनों की भी आवश्यकता होती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने आशीर्वचन ने कहा कि पांच दिवसीय कार्यशाला में दोनों शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी और शिक्षकों को अपने ज्ञान का आदान– प्रदान करने का मौका मिला। इस अवसर पर प्रो.रामनारायण, प्रो. वंदना राय, डॉ. नूरजहां, प्रो.प्रदीप कुमार, डॉ मनीष गुप्ता, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, नाहिदा, डॉ.एसपी तिवारी, ऋषि श्रीवास्तव, डॉ.एमजी रघुनाथन, मनजीत सिंह नय्यर, डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ विवेक कुमार पांडेय, डॉक्टर सुधीर उपाध्याय आदि प्रतिभाग कर रहे थे।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों की सघन तलाशी ली गई, तलाशी के दौरान



कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। जेल अस्पताल में जाकर बंदी मरीजों से वार्ता कर उनका हाल–चाल जाना और अच्छे से इलाज करने के निर्देश अधिकारियों के द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि मीनू के अनुसार बंदियों को अच्छा खाना दिया जाए। जेल में साफ– सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान बंदियों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एस के पांडेय, जेलर कुलदीप भदौरिया सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिस बल के लोग उपस्थित रहे।

# मीरा के गुरु थे संत रविदास : जीवन की अमूल्य सीख देते हैं उनके ये विचार

***ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय***

लखनऊ। भारत देश आज पूरी दुनिया में विश्व गुरु के नाम से पहचान है क्योंकि भारत देश की भूमि पर कई बड़े बड़े संत गुरुओं और महापुरुषों ने जन्म लिया है, जिन्होंने अपने सत्य वचनों से जनता को सच्चे मार्ग पर चलना सिखाया है। आज हम आपको इस लेख में भारत के एक महान गुरु संत रविदास का जीवन परिचय के बारे में विस्तार से जानकारी देना चहेता हूं

भारत के कई संतों ने समाज में भाईचारा बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे संतों में महान संत रविदास का नाम अग्रगण्य है। ऐसे महान संत का जन्म सन 1398 में काशी (उत्तरप्रदेश) हुआ था। वे बचपन से समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के प्रति अग्रसर रहे। गुरु रविदास । मध्ययुगीन साधकों में उनका विशिष्ट स्थान है। कबीर की तरह गुरु रविदास भी संत कोटि के प्रमुख कवियों में विशिष्ट स्थान रखते हैं। मीराबाई भी रविदास जी की शिष्या थीं। कबीर ने संतन में गुरु रविदास कहकर इन्हें मान्यता दी है। मूर्तिपूजा, तीर्थयात्रा जैसे दिखावों में रविदास जी का बिल्कुल भी विश्वास न था। वह व्यक्ति की आंतरिक भावनाओं और आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे। रैदास ने अपनी काव्य–रचनाओं में सरल, व्यावहारिक ब्रजभाषा का प्रयोग किया है, जिसमें अवधी, राजस्थानी, खड़ी बोली और उर्दू–फारसी के शब्दों का भी मिश्रण है। गुरु रविदास को उपमा और रूपक अलंकार विशेष प्रिय रहे हैं। सीधे–सादे पदों में संत कवि ने हृदय के भाव बड़ी सफाई से प्रकट किए हैं। इनका आत्मनिवेदन और सहज भक्ति पाठक के हृदय को उद्वेलित करते हैं।रविदास के चालीस पद पवित्र धर्मग्रंथशगुरुग्रंथ साहबश्में भी सम्मिलित हैं। कहते हैं मीरा के गुरु रविदास ही थे उनके जीवन की छोटी–छोटी घटनाओं से उनके विशिष्ठ गुणों का पता चलता है। उन्होंने अपनी अनेक रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान किया। उन्होंने समाज में फैली छुआ–छूत, ऊंच–नीच दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बचपन से ही गुरु रविदास का झुकाव संत मत की तरफ रहा। वे संत कबीर के गुरुभाई थे।

संत गुरु रविदास जी15 वीं शताब्दी के एक सबसे प्रसिद्ध महान और प्रमुख संत में से एक थे। गुरु रविदास जी एक महान संत और समाज सुधारक के साथ–साथ ईश्वर के अनुयायी, दर्शन शास्त्री समाज शास्त्री और एक महान कवि थे। संत रविदास जी रैदास के नाम से भी जाने जाते है। निर्गुण सम्प्रदाय के प्रसिद्ध संत रविदास अपनी स्वरचना के माध्यम से अपने अनुयायियों और समाज के लोगों को सामाजिक और आध्यात्मिक सन्देश दिया। लोग उन्हें मसीहा मानते थे। गुरु रविदास जी ने लोगों को ईश्वर के प्रति प्रेम करना सिखाया। गुरु रविदास जी को आज [redacted]

**गरल पटायों सो तो सीस जै चढ़ायऔ,**
**संग त्याग विष भारी ताकी घाट न संभारी है।**
**राणा नै लगायो चर, बैठे साधु ढिग ठर,**
**तब ही खबर कर मारों यहै धारी है।**
**राजे गिरिधारी लाल तिन्ह्ही सों रंग जात**
**बोलत हँसत ख्याल कानपरी प्यारी है।**
**जाय के सुनाई भई अति चपलाई**
**आयों लिए तलवार दे किबार खोलि न्यारी है।**
**जाके संगि रंग मीजि करत प्रसंग नाना**
**कहाँ वह नर गयो, वेग दै बताइए।**
**आगे ही विराजै कुछ तो सो नाहि लाजै**
**अभै दैखि सुख साजै आँखैं खोलि दरसाइए।**
**भयोई खिसाणौ राणा लिखयौ चित्र भीत मानो**
**देख्यो हूँ प्रभाव एवै भाव मैं न भिघो जाई**
**बिना हरिकृपा कहौ कैसे करि पाइए।**
**विवई कुटिल एक भेष धरि साधु लियौ**
**कियौं यौं प्रसंग मौसौं अंग–अंग कीजिए।**
**आज्ञा भौंकी दईं आप जाल गिरिधारी**
**अहों सीस धरि जाई करि भोजन हूँ लीजिए।**
**संतनि समाज मैं बिछाय सेज बोलि लियौ**
**सेत मुख भयौ विषैभाव सब गयौ**
**नयौ पायन पै आप मोंको भक्तिदान दीजिए।**




गुरु रविदास जी !कबीर में जहां समाज गैरबराबरी और अंधविश्वास के विरुद्ध आक्रोश है, वहीं गुरु रविदास की दृष्टि करुणा के माध्यम से समाज परिवर्तन किया है। उनके चालीस पद सिखों के पवित्र धर्मग्रंथ शगुरुग्रंथ साहबश में शामिल हैं। आज भक्ति, जीवन और मानव–मूल्यों के प्रति आस्था जगानेवाले इस संत कवि को नमन, करते हैं संवत्ध 1566 में राणा साँगा चित्तौड़ की गद्दी पर बैठे। उनकी पत्नी रानी झाली झालावाड़ के राजा की कन्या रत्नकुँवरी भी प्रभु भक्त थी। वह संवत्ध 1567–68 में काशी जाकर गुरु रविदास की शिष्या बन गई। चित्तौड़ के राणा साँगा के परिवार ने आश्रम बनाकर गुरु रविदास को भेंट किया। मेड़ता से मीराबाई के दादा चित्तौड़ स्थित आश्रम में गुरु रविदास का प्रवचन सुनने के लिए आते थे।रानी झाली का पुत्र कुँवर भोजराज अपनी माता के समान शांत और निश्छल प्रकृति का युवक था। उस समय कुँवर भोजराज की आयु 18 वर्ष थी। रानी झाली ने अपने पति राणा साँगा की सहमति एवं गुरु रविदास का आशीर्वाद लेकर कुँवर भोजराज के लिए मीराबाई का हाथ दादाजी से माँगा था। उन्हें भला क्या आपत्ति हो सकती थी? दोनों परिवार संबंध सूत्र में बँध गए। संवत्ध 1573 में गुरु रविदास की उपस्थिति में कुँवर भोजराज और मीरा का विवाह संपन्न हुआ। मीरा की आयु उस समय 12 वर्ष की थी। इसके बाद ही मीरा ने अपने पति एवं अपनी सास रानी झाली की अनुमति से गुरु रविदास से दीक्षा ग्रहण किया।समय परिवर्तनशील है। मीरा बाई के भाग्य में गृहस्थ जीवन भोगना विधाता ने नहीं लिखा था। केवल 25 वर्ष की अल्पायु में 1580 में कुँवर भोजराज की आकस्मिक निधन हो गया। संवत्ध 1585 में राणा साँगा का बाबर के साथ कानवाहा युद्ध में देहांत हो गया। राणा साँगा के पुत्रों रतनसिंह और विक्रमजीत के बीच चित्तौड़ की गद्दी हथियाने के लिए संघर्ष प्रारंभ हो गया। मीराबाई और रानी झाली विधवा हो गईं। रानी झाली पति की मौत के बाद किस अवस्था में रही, इतिहास इस संबंध में मौन हैय परंतु मीराबाई का अपने गुरु रविदास के साथ अटूट संबंध जुड़ा रहा। कुंभ श्याम से सटे मीरा मंदिर के साथ गुरु रविदास छतरी का निर्माण संभवतरू मीरा और रानी झाली के प्रयत्नों से तत्कालीन परिस्थितियों में ही संभव हो सका होगा। इस छतरी के नीचे गुरु रविदास के चरण चिह्न हैं और छत के निचले भाग में गुरु रविदास द्वारा बताए ग ए पंच–विकारों की प्रतिमा एक प्रस्तर शिला पर अंकित है।

राणा साँगा की मौत के बाद मीराबाई को पारिवारिक यातनाओं का सामना करना पड़ा। ऐसा भी कहा जाता हैं कि विक्रमजीत ने आधी रात के समय मीरा को चित्तौड़गढ़ के नीचे बहती हुई गांभीरी नदी में फेंकवा दिया, मगर मीरा सही सलामत रहीं। मीराबाई अब भगवत् भजन और साधु सेवा निर्भीक होकर करने लगीं, परंतु राणा विक्रमजीत को उनके यहाँ साधुओं की भीड़ का एकत्रित होना पसंद नहीं था। उसने दो विश्वासपात्र युवतियों चंपा और चमेली को मीराबाई के पास तैनात कर दिया, ताकि वे मीराबाई को साधुओं के पास बैठने से रोकती रहें। मीराबाई की संगत के प्रभाव से उन दोनों पर भी गुरुभक्ति का रंग चढ़ गया और वे दोनों मीराबाई की सहायक बन गईं। यही दशा दूसरी दासियों की भी हुई, जो मीराबाई को वर्जित करने और चौकसी के काम पर तैनात की गईं। अंत में राणा ने यह कठिन काम अपनी बहन ऊदाबाई को सौंपा और वह कुछ समय तक अपने दायित्व का सतर्कतापूर्वक पालन करती रही। वह दिन में कई बार मीराबाई के महल में जाकर समझाती थी। अपने इन रिश्तेदारों के बर्ताव का वर्णन मीराबाई ने अपनी वाणी में भी किया है। इसके बाद राणा ने मंत्रियों की सलाह के अनुसार मीराबाई को विष देकर मार डालने की योजना बनाई। मीराबाई को एक विष का कटोरा भरकर गुरु रविदास चरणामृत के नाम से पीने के लिए भेजा गया। ऊदाबाई इस भेद को जानती थी। उसने मीराबाई को सच्चाई बताते हुए विष पीने से मना किया, परंतु मीराबाई ने कहा जो पदार्थ गुरु रविदास के चरणामृत के नाम पर आया है, उसका त्याग करना गुरुभक्ति के विरुद्ध है। इतना कहकर श्रद्धा के साथ मीराबाई ने विष पी लिया लेकिन मीराबाई सही सलामत रहीं। ऐसी भक्ति का कमाल देखकर ऊदाबाई भी उनकी सहायक बन गईं। एक बार राणा ने एक नाग सर्प पिटारी में बंद कर मीराबाई के पास भेजा कि यह तेरे लिए हीरों जड़ित हार है। मीराबाई ने प्रभु का स्मरण करते हुए पिटारी को खोला तो नाग हीरों का जड़ित हार बन गया।

संवत् 1603 में दवारिका स्थित रणछोड़ के मंदिर में नाचती गाती

# आरोप के मुताबिक दागी शिक्षक को बना दिया निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आरोप के मुताबिक आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से दागी एवं सभी दायित्वों से मुक्त किए गए विश्वविद्यालय कर्मी को कृषि विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण पद निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण का पद सौंप दिया है।जिसे चलते विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा लगातार विश्वविद्यालय में रेवड़ी की तरह प्रशासनिक पदों को बांटे जाने को लेकर अब चर्चाओं का बाजार पूरी तरह से गर्म हो गया है यही नहीं इन अनियमितताओं का प्रकरण प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के राज्यपाल के दरबार तक पहुंचने लगा है।मिली जानकारी के मुताबिक 19 फरवरी वर्ष 2018 को कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के प्रशासनिक अधिकारी एस के पांडे द्वारा एक प्रशासनिक आदेश जारी किया गया था।जिसमें वर्तमान में विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण बनाए गए डॉ अशोक कुमार सिंह के विरुद्ध निर्दोषों की अनदेखी करने तथा धारा 23 के निस्तारण में शिथिलता बरतने, कुलाधिपति को प्रेषित किए जाने वाले पत्र को बिना किसी अधिकारी को संबोधित किए कुलपति के ई मेल से पत्र भेजने का आरोप लगाते हुए उन्हें उपरोक्त सभी अतिरिक्त




दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था।ज्ञातव्य हो कि बीते 16 मई 2016 को डॉ अशोक कुमार सिंह सहायक प्राध्यापक क्रॉप फिजियोलॉजी विभाग को सहायक प्रशासनिक अधिकारी द्वितीय एवं नोडल अधिकारी लीगल तथा आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत पत्रों के निस्तारण हेत नोडल अधिकारी नामित किया गया था। उनके द्वारा दायित्व निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गई थी जिस के क्रम में तत्कालीन कुलपति के निर्देश पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एसके पांडे ने उन्हें समस्त दायित्वों से मुक्त कर दिया था।इसी बीच विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह की विशेष कृपा एक बार फिर दागी सहायक प्राध्यापक डॉ अशोक कुमार सिंह पर बरस गई और उन्हें विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण पद निदेशक प्रशासन और परिवीक्षण का अतिरिक्त दायित्व सौंप दिया गया। जिनकी अनियमितताओं के चर्चाओं के बाजार विश्वविद्यालय में पूरी तरह से गर्म हो गए हैं। उनके कारनामों से विश्वविद्यालय कर्मियों एवं शिक्षकों में गहरा असंतोष भी व्याप्त हो गया है।

# आरोप के मुताबिक बिना परमिट के हो रहा अवैध कटान : पुलिस व वन नही उठा रहे कठोर

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत इनायत नगर थाना क्षेत्र के मलेथ बुजुर्ग गांव में दबंग द्वारा 100 शीशम के हरे भरे पेड़ों को बिना परमिट के काट कर गिरा दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।मिली जानकारी के बाद पीड़ित खातेदार मामले में कार्यवाही हेतु हैरिंग्टनगंज चौकी इंचार्ज से इनायत नगर थाना और कुमारगंज वन रेंज की परिक्रमा कर रहा है। किंतु शिकायतों के बावजूद भी मामले में कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।सूत्र के मुताबिक इनायत नगर थाना क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत मलेथू बुजुर्ग गांव के पूरे टूड़ी निवासी श्याम बरन पुत्र छोटूराम ने इनायत नगर थाना पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह गाटा संख्या 3179 का संक्रमणीय भूमिधर है और मौके पर काबिज एवं दखील है। जिसमें उसके पुराने डेढ़ सौ शीशम के हरे भरे पेड़ भी खड़े हैं। गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। जिसमें उनके गांव के शिव पूजन पुत्र स्वामी प्रसाद द्वारा चालाकी और बेईमानी से अपना चक उनके मूल घाटे पर बनवा दिया गया है।इस संबंध में पीड़ित का आरोप है कि जानकारी के बाद उसने उपसंचालक चकबंदी न्यायालय में निगरानी भी दायर कर रखी है। गांव में कब्जा परिवर्तन का कार्य चकबंदी विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। जिसमें चकबंदी लेखपाल एवं कानूनगो द्वारा बिना उनकी मौजूदगी के पैमाइश कर दी। इस बीच रात में चोरी से शिवपूजन पुत्र स्वामी प्रसाद द्वारा 100 शीशम के पेड़ों को मशीन से कटवा कर गिरा दिया गया। जानकारी पाकर जब वह मौके पर पहुंचा तब उसने तुरंत 112 नंबर डायल कर पुलिस



को सूचना दी। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचते ही लकड़ी काट रहे लोग मौके पर ही लकड़ी छोड़कर भाग निकले। तब से वह मामले में कार्यवाही के लिए हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी व इनायत नगर थाने का चक्कर लगा रहा है। किंतु पुलिस प्रकरण में कार्यवाही से कतरा रही है।वही पीड़ित का आरोप है कि आरोपी का भाई सचिवालय में कर्मचारी है। जिसके प्रभाव में आकर इनायत नगर थाना पुलिस सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी कोई भी कार्यवाही नहीं करना चाह रहे हैं। हालांकि इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरजीत ने पीड़ित की शिकायत पर महज औपचारिकता निभाते हुए फौरी तौर पर चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज यशवंत द्विवेदी को आवश्यक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दे दिया है। वहीं पीड़ित ने बताया कि जब वह हैरिंग्टनगंज चौकी पर गया तो प्रभारी ने कहा कि वन विभाग में जाओ तब कार्यवाही होगी। जबकि वनक्षेत्राधिकारी आरपी सिंह ने कहा कि पुलिस को तुरंत एफआईआर दर्ज कर लेना चाहिए।

# कंपोजिट वि. शेरपुर पारा में संकुल खजुरहट के प्रधानाध्यापक व प्र. प्रधानाध्यापको की बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में कंपोजिट वि० शेरपुर पारा में संकुल खजुरहट के प्रधानाध्यापकध्प्र०प्रधानाध्यापकों की बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी ने की।जिसमे एस आर जी डॉ० अम्बिकेश त्रिपाठी ने निपुण भारत के लक्ष्यों को विस्तार से समझाया।इस मौके पर उन्होने भाषा एवं गणित की दक्षताओं की प्राप्ति हेतु साप्ताहिक कैलेण्डर के अनुसार कार्य करने पर विशेष बल दिया।इस मौके पर प्रधानाध्यापकों को अपने शैक्षणिक सहयोगियों के मध्य कार्य विभाजन द्वारा टीम वर्क के माध्यम से अपेक्षित स्तर को प्राप्त करने हेतु एस आर जी डाक्टर त्रिपाठी ने प्रेरित किया।वही इसी कड़ी में खंड शिक्षा अधिकारी ने धैर्य, परिश्रम व त्याग की भावना के साथ बच्चों के अधिगम स्तर को उत्कृष्ट बनाने के लिए शिक्षकों का आह्वान किया। साथ ही डीबीटी हेतु आधार प्रमाणीकरण एवं 94 दिन के एमडीएम प्रतिपूर्ति के तहत खाद्यान्न वितरण एवं परिवर्तन लागत की धनराशि के अभिभावकों के बैंक खातों में अंतरण के कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया।वही ए०आर०पी० आर०एन० वर्मा ने प्रत्येक विद्यालय में बेसलाइन आंकलन करके रेमेडियल कक्षाओं को अनिवार्य रूप से संचालित करने को कहा।इसके साथ साथ हस्तपुस्तिकाओं में दी गई गतिविधियों एवं तकनीकियों के शिक्षण में निरंतर प्रयोग पर बल दिया।विद्यालयों में पुस्तकालय को सक्रिय करने पर विशेष बल दिया गया।इस बैठक में शिक्षक संकुल के के सिंह, अरविंद कुमार यादव, सुरेंद्र कुमार एवं नोडल संकुल दिनेश चंद्र तिवारी ने उपस्थित प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के बीच अपने



विचारों को साझा किया तथा शिक्षकों की समस्याओं का यथोचित समाधान भी प्रस्तुत किया।इस बैठक में राजकुमार सिंह,संजय उपाध्याय,श्रीमती हिना,अंबर रिजवान अहमद,श्रीमती सुनीता रावत, श्रीमती मिथिलेश मिश्रा, श्रीमती मनीषा,श्रीमती राजलक्ष्मी सिंह,सुश्री ज्योति पांडे,श्री साधू लाल पांडे,श्रीमती कंचन कुमारी यादव एवं श्री विनोद कुमार एवं अन्य कई शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

# जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वीकृत योजनाओं के सापेक्ष शत–प्रतिशत योजनाओं पर कार्य का प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया।

एफ.टी.के से जल गुणवत्ता सम्बन्धित प्रशिक्षण ससमय पूर्ण करने हेतु उद्यमिता विकास संस्थान को निर्देशित किया गया। उन्होने जल जीवन मिशन के अंतर्गत के विकास भवन में कंट्रोल रूम स्थापित करने निर्देश दिया। खंड विकास अधिकारियों को प्रत्येक गांव में पानी की गुणवत्ता के जांच के किट गांव में वितरित करने का निर्देश दिया । जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम सचिव अपने–अपने गांव में प्रतिदिन बैठे और खंड विकास अधिकारियों को प्रतिदिन किसी न किसी गांव में जाकर विकास कार्यों एव सफाई का निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

# उप जिलाधिकारी बीकापुर कार्यालय के सामने पीड़िता ने दिया धरना

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के किलहना गांव निवासी एक महिला गायत्री देवी पत्नी मनोराम निषाद ने गांव के विपक्षियों पर मारने पीटने धमकी देने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए भूमि एवं रास्ते के विवाद को लेकर मंगलवार देर शाम तहसील पहुंचकर एसडीएम कार्यालय के सामने अपने हाथ की चूड़ियां एसडीएम कार्यालय दरवाजे के सामने उतार कर धरने पर बैठ गई।सूत्र के मुताबिक कोतवाली बीकापुर की महिला पुलिस बड़ी देर तक धरने पर बैठी पीड़ित महिला को समझाती रही।इस दौरान पीड़िता ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा दबंगई के बल पर विवादित जमीन पर कब्जा करने की नियत से जबरन टीन सेड रख लिया है। तथा कटीला तार लगाकर आवागमन बाधित कर दिया है। विरोध करने पर विपक्षियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाती है। बुधवार सुबह सपा



नेत्री शकुंतला निषाद, मालती देवी सहित अन्य महिलाएं भी पीड़िता के समर्थन में पहुंचकर धरने पर बैठ गई। तहसीलदार द्वारा काफी समझाने बुझाने और 1 सप्ताह के भीतर कार्यवाही करने का आश्वासन देकर दोपहर बाद धरना समाप्त कराया।पीड़िता ने यह भी बताया कि कुछ दिन पूर्व विपक्षियों ने उनकी और उनकी देवरानी की जमकर पिटाई किया था। उनके द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई लेकिन कोतवाली पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई।

# विधायक गोसाईगंज अभय सिंह ने बीएसए अयोध्या संतोष कुमार देव पांडे के विरुद्ध मुख्यमंत्री से की थी शिकायत : भेजे गये बाराबंकी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जिले में रहे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडे के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध जिले के सपा विधायक गोसाईगंज अभय सिंह द्वारा प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा से शिकायत किए जाने के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने मामले का संज्ञान ले ही लिया।जिसके चलते जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या संतोष कुमार देव पांडेय को यहाँ से हटाकर बाराबंकी भेज दिया।सूत्र के मुताबिक सपा विधायक अभय सिंह द्वारा बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय के खिलाफ शिकायतों की झड़ी लगा दिए जाने के बाद शासन ने उन्हें अयोध्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से हटाते हुए बाराबंकी जिले में तैनाती दे दी है।सपा विधायक अभय सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडे पर विभिन्न कार्यों में भ्रष्टाचार व आर्थिक दोहन के लिए दुरभि संधि करके विभागीय शिकायतों का निस्तारण न करते हुए निरंतर विधि विरुद्ध आचरण एवं कदाचार किए जाने का आरोप लगाते हुए शासन में शिकायत की थी।सपा विधायक अभय सिंह ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में 9 बिंदुओं पर आरोप लगाया था जिसमें बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय



द्वारा अपने पिता एवं पत्नी के नाम से संयुक्त रुप से कुछ ही समय पूर्व अयोध्या शहर में सबसे विकसित साकेत पुरी कॉलोनी में 4000 वर्ग फुट का आवासीय भूखंड क्रय किए जाने और भवन निर्माण गतिमान होने पर संतोष कुमार देव पांडे द्वारा अपने वेतन क्रम यू माय के अनुसार करोड़ों की लागत का यह कार्य काली कमाई का ही संभव बताया था। विधायक ने विभागीय आदेशों निर्देशों को दरकिनार कर शिक्षकों को निलंबित करते हुए उन्हें बहाली अन्यत्र विद्यालयों में दिए जाने का भी आरोप लगाया था। विधायक ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित तमाम योजनाओं में जबरदस्त भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए गए थे। जिसके बाद शासन ने संज्ञान लिया और अंततः आरोपी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अयोध्या से हटाना ही पड़ा।

# एसएसपी ने कानून व्यवस्था कायम रखने के लिये फिर कई निरीक्षको व उप निरीक्षको के कार्यक्षेत्र में किया फेरबदल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय इस समय जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होने जिले के सभी सीओ के साथ साथ थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी को सख्त चेतावनी देते हुये कहा है कि जिसके क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में इजाफा होता है तो वे गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहे।इसी कड़ी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने गुरुवार को एक बार फिर जिले में निरीक्षक व उप निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या मीडिया सेल के मुताबिक इसमें सात निरीक्षक व सात उपनिरीक्षक के कार्य क्षेत्र में फेरबदल हुआ है।इस दौरान एसएसपी शैलेश पांडे ने जिले के थाना अध्यक्ष कुमारगंज बीर सिंह यादव व थानाध्यक्ष हैदरगंज राजेश मिश्रा का गैर जनपद तबादला कर दिया।वही इसी कड़ी में अशोक कुमार यादव थाना अध्यक्ष हैदरगंज व शिव बालक नये थाना अध्यक्ष पटरंगा बने।जबकि विवेक सिंह को थाना अध्यक्ष कुमारगंज का दायित्व सौपा है।वही हरकेश रावत को प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ,मणि शंकर तिवारी व अजय कुमार दीक्षित को राम जन्म भूमि सुरक्षा ड्यूटी में,सुहेल खान एसएसआई रौनाही बनाया।इसी कड़ी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या शैलेश कुमार पांडेय ने बृजेंद्र नाथ मिश्र व तेज बहादुर सिंह थाना तारुन,मान बहादुर सिंह कोतवाली अयोध्या, शेषनाथ सिंह कोतवाली नगर व गुलाम रसूल को थाना मवई भेजा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी जलालपुर जौनपुर का उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी जलालपुर जौनपुर का उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा आज औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मा० उपमुख्यमंत्री द्वारा पूछा गया कि यहा कितने बेड का अस्पताल है जिसपर चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि यहां 30 बेड का अस्पताल है और इमरजेंसी के लिए एक बेड संरक्षित किया गया है। इस दौरान उन्होंने कोरोना के मरीजों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने एनआईसीयू कक्ष का निरीक्षण किया और चिकित्सा अधिकारी से नाराजगी व्यक्त कर करते हुए कहा कि मरीजों को सुविधाएं दी जाएं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों एवं शौचालय का निरीक्षण किया और बेड पर धूल होने तथा साफ–सफाई न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए चिकित्सा अधिकारी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया कि भविष्य में इस तरह की समस्या नही होनी चाहिए और अस्पताल में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। माव उपमुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त कर्मचारी/अधिकारी





अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें, अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अस्पतालों की दीवालो पर लिखे हुए दिशा निर्देश को ध्यान पूर्वक देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# वन स्टॉप सेंटर 181 महिला हेल्पलाइन को संस्था द्वारा की गई मदद

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। संस्था नीशू वेलफेयर फाउंडेशन अध्यक्षा गुँजन वर्मा एवं माँ गायत्री जनसेवा संस्थान अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह द्वारा समय समय पर 181 वन स्टॉप सेंटर को मदद पहुंचाई जाती रही है। पिछ्ले महीने भी सेल्टर में रह रही महिलाओं के लिए नए सूट,स्लीपर,सैनिटरी पैड,सैनिटाइजर आदि की मदद की गई थीइसी कड़ी में आज संस्था द्वारापुनः महिलाओं के लिए सेंटर प्रभारी अर्चना सिंह जी को अंडर गारमेंट्स,सैनिटरी पैड,नहाने धोने का साबुन,फिनाइल,सर्फ आदि की मदद की गई। ये मदद समाजसेवी व चिकित्सक डॉ नफीस अहमद सिद्दीकी,अंशुल निगम,बद्री विशाल पांडेय के विशेष सहयोग से की गयी। इस अवसर पर उपनिरीक्षक शशि त्रिपाठी जी,श्रेया शुक्ला,खुशबू, पूजा,सोनल आदि उपस्थित रहे।

# रिश्वत मांगना ग्राम विकास अधिकारी को पड़ा महंगा : डीएम ने किया निलंबित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के मिल्कीपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पारा खानी में तैनात ग्राम विकास अधिकारी द्वारा गांव में कराए गए चार निर्माण कार्यों का भुगतान करने की एवज में रिश्वत मांगना महंगा पड़ गया है।सूत्र के मुताबिक ग्राम प्रधान की शिकायत व रिश्वत मांगे जाने का आडियो प्रस्तुत किए जाने के बाद जिलाधिकारी नितीश कुमार ने आरोपी ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई के आदेश जिला विकास अधिकारी को दे दिए, जिसके बाद जिला विकास अधिकारी आरपी सिंह ने दोषी वीडीओ पंकज मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।निलंबित विकास अधिकारी को मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत हैरिंगटनगंज ब्लाक कार्यालय से संबद्ध भी कर दिया गया है। मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पारा खानी के ग्राम प्रधान राम प्रताप सिंह ने बीते 24 जून को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि उनकी ग्राम पंचायत में 2 लाख 74 हजार रुपए की लागत से कराए गए चार निर्माण कार्यों के भुगतान में ग्राम विकास अधिकारी पंकज मौर्य द्वारा 35 हजार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है, जिसकी आडियो रिकॉर्डिंग जिलाधिकारी को सुनाई गई।जिला विकास अधिकारी ने पंकज मौर्य के विरुद्ध वर्णित कृत्य से सरकार की पारदर्शिता व जवाबदेही की छवि धूमिल मानते हुए कर्तव्य और दायित्व निर्वहन में बेहद लापरवाह भी माना है। जिला विकास अधिकारी ने आरोपी ग्राम विकास अधिकारी पंकज मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उन्हें हैरिंग्टनगंज ब्लॉक मुख्यालय से संबद्ध कर दिया व खंड विकास अधिकारी हैरिंग्टनगंज को आरोपी व निलंबित ग्राम विकास अधिकारी के प्रकरण का जांच अधिकारी भी नामित कर दिया है।

# उदयपुर की घटना के विरोध में बजरंग दल ने किया उग्र प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विदित है कि राजस्थान के उदयपुर में दिनदहाड़े हिन्दू युवक कन्हैया लाल की दुकान में घुस कर आतंकवादी मानसिकता के मुस्लिम युवकों द्वारा नृशंस हत्या की गई थी । उदयपुर में हत्या के बाद स्लामिक जेहादी हत्यारों ने धमकी भरा विडीओ भी जारी किया था, जिससे संपूर्ण भारत के हिंदू समाज सहित विश्व हिंदू विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। इस जघन्य घटना के विरोध





में बजरंग दल के तत्वाधान में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहर के वाजिदपुर तिराहे पर उग्र प्रदर्शन किया। जिला संयोजक विजय सिंह के नेतृत्व में आतंकवाद का पुतला जलाने की कोशिश की गई, जिसे प्रशासन काफी मान मनौवल के बाद स्थगित कर दिया गया। जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद डॉ राकेश चंद्र दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि आतंकवादी मानसिकता के लोगों को यह देश और समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा, और सरकार से मांग किया इन्हें जल्द से जल्द फांसी पर लटकाया जाए और शासन प्रशासन इस ढंग से काम करे कि ऐसे लोग फलने फूलने ना पाए तथा इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। हमारे धार्मिक स्थल, गौ माता तथा बहू बेटियां सुरक्षित हों। जिला संयोजक विजय सिंह ने कहा कि हिंदू समाज सभ्य एवं शांतिप्रिय समाज है इसे इसकी कमजोरी न समझा जाय क्योंकि अति होने के बाद यह समाज ऐसे लोगों को जड़ से मिटाने की भी ताकत रखता है और बर्दाश्त नहीं करता। इस अवसर पर जिला सह मंत्री डॉ आशीष मिश्र, सत्संग प्रमुख श्याम जी महाराज, संगठन मंत्री सतेन्द्र जी, नगर अध्यक्ष सुनील शर्मा, सुरज गौड़, अजय चौबे, राकेश मिश्रा, चेतन सिंह, पंकज सिंह, राजेश श्रीवास्तव के साथ सैकड़ों आक्रोशित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।